# भारतीय रेड क्रास सोसायटी
# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा
# विषय– रेड क्रास – एक परिचय
# 24 अक्टूबर, 2024




श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा की रेड क्रास इकाई द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को मुख्य परिसर स्थित ललिता शास्त्री सभागार में रेड क्रास के नवागंतुक स्वयंसेवकों हेतु एक परिचय वार्ता आयोजित की गई। वार्ताकार कॉलेज रेड क्रास इकाई प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल थे। उन्होंने रेड क्रास संस्था की उत्पत्ति और उसके विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 192 देशों में रेड क्रास और रेड क्रीसेण्ट इकाईयाँ मानवता की सेवा में कार्यरत हैं।

रेड क्रास के सात आधारभूत सिद्धान्तों – मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता को रेखांकित किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि भारत की राष्ट्रपति– माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी रेड क्रास सोसायटी की अध्यक्ष हैं और भारत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 जे0पी0 नड्डा जी इसके चेयरमैन हैं। प्रान्त स्तर पर राज्यपाल महोदय अध्यक्ष होते हैं तथा जनपद स्तर पर जिले के जिलाधिकारी अध्यक्ष रहते हैं। सरकार के शामिल होते हुये भी यह संस्था निष्पक्ष व तटस्थ रूप से कार्य करती है।

इस संस्था के झंडे में विभिन्न देशों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये रेड क्रास, रेड क्रीसेण्ट या रेड क्रिस्टल शामिल किया गया है, ताकि किसी भी देश को रेड क्रास से जुड़ने में कोई परेशानी न हो।

स्वयंसेवकों के साथ वार्ता में रक्त दान को प्रोत्साहित करने, रक्त दान करने, स्वास्थ्य और सफाई सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

इस वार्ता में रेड क्रास समिति के सदस्य डॉ0 शिशिर त्रिपाठी, डॉ0 पुनीत कुमार, डॉ0 हरीश शुक्ल व विद्यार्थी प्रतिनिधियों– बबिता आनन्द, नितेश तिवारी, सत्यम दुबे, शुभी, सोनिया साहू के अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।


GPS Map Camera
Gonda, Uttar Pradesh, India
Gonda Bus Station Rd - Lbs Rd, Jhanjhari Block,
Gonda, Janki Nagar, Uttar Pradesh 271001, India
Lat 27.131688° Long 81.957174°
24/10/24 12:58 PM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Gonda, Uttar Pradesh, India
Gonda Bus Station Rd - Lbs Rd, Jhanjhari Block,
Gonda, Janki Nagar, Uttar Pradesh 271001, India
Lat 27.13165° Long 81.957191°
24/10/24 01:05 PM GMT +05:30
Google